सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 172 | इंदौर, सोमवार 05 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## मप्र में हाड़ कंपाने वाली सर्दी, कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी

● भोपाल-सागर में 9:30 के बाद खुलेंगे स्कूल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। नये साल के शुरूआत में ही जोरदार ठंड ने मध्यप्रदेश को आगोश में ले लिया है। आधे से ज्यादा प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने कहर बरपा रखा है। बढ़ती शीतलहर और विजिबिलिटी कम होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजधानी सहित कई जिलों में प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टियों और समय में बड़े बदलाव के आदेश जारी किए हैं।

### भोपाल में 9.30 के बाद लगेंगे स्कूल

राजधानी भोपाल में ठंड को देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव के आदेश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि बढ़ती ठंड के चलते भोपाल जिले में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों जिनमें सरकारी, प्राइवेट, CBSE और ICSE शामिल हैं का समय बदल दिया गया है। अब सोमवार से ये स्कूल सुबह 9:30 बजे के बाद ही खुलेंगे।

### उज्जैन-मंदसौर में छुट्टी के आदेश

जानकारी अनुसार महाकाल की नगरी उज्जैन में जिला प्रशासन ने सोमवार को नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के छात्रों के लिए छुट्टी घोषित कर दी है। इसी प्रकार मंदसौर में ठंड का असर सबसे अधिक देखा जा रहा है, जिसके चलते नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के बच्चों के लिए दो दिन का अवकाश घोषित किया गया है। प्रदेश के कुछ और जिलों में भी स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव के आदेश जारी होने की जानकारी दी जा रही है।

### इंदौर में तीन दिन का अवकाश

कड़ाके की ठंड और लगातार शीतलहर के मद्देनजर इंदौर जिला प्रशासन ने जिले के सभी शासकीय अशासकीय सीबीएसई स्कूलों में तीन दिन का अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस आशय का आदेश जारी करते हुए पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए तीन दिन का अवकाश घोषित किया।

सीएम डॉ. यादव बोले-

# सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का है प्रतीक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सोमनाथ मंदिर हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का प्रतीक है। बार-बार ध्वस्त होने के बाद भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण इस बात का प्रमाण है कि हमारी आस्था अडिग है और सनातन संस्कृति अमर है। मुख्यमंत्री रविवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश परिसर में आयोजित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रुद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है कि भगवान महाकाल और ममलेश्वर जैसे ज्योतिर्लिंग मध्यप्रदेश में हैं और अब भोपाल में भी मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शिव ही सत्य और सनातन हैं, जो हमारे विकारों का नाश कर जीवन को सही दिशा देते हैं।**




डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमेशा पूरे विश्व के कल्याण की भावना के साथ आगे बढ़ी है और "वसुधैव कुटुम्बकम्" के विचार को अपनाती है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर की स्थापना कर सनातन परंपरा को और मजबूत किया। उज्जैन का महाकाल मंदिर आज भी जन-जन की श्रद्धा का केंद्र है, जो यह साबित करता है कि सनातन न कभी खत्म हुआ है और न होगा।

मुख्यमंत्री ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक रविशंकर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके आध्यात्मिक ज्ञान और सुदर्शन क्रिया से लोगों को तनाव, चिंता और अवसाद से राहत मिली है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रुद्र पूजन में भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पानी से मौत कैसे होगी साबित?

## बिना पोस्टमॉर्टम कई शवों का हुआ अंतिम संस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (मप्र)

इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी से 16 लोगों की मौत के मामले में अब स्थिति उलझती नजर आ रही है। खासकर मौतों को साबित करने को लेकर। अभी भी जिम्मेदार दूषित पानी पीने से कितने लोगों की मौत हुई है, यह ठोस रूप से कहने की स्थिति में नहीं है।

शासन की ओर से हाईकोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट में सिर्फ 4 मौतों का ही जिक्र किया गया है। ऐसे में शेष 12 लोगों की मौत के कारणों को लेकर स्थिति और भी जटिल हो गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से कई शवों का पोस्टमॉर्टम तक नहीं कराया गया। ऐसी स्थिति में यह



साबित करना आसान नहीं होगा कि उनकी मौत दूषित पानी के कारण हुई। विशेषज्ञों और कानूनविदों का मानना है कि बिना ठोस चिकित्सकीय प्रमाण के इन मौतों के मामलों में शासन मुआवजा कैसे देगा, यह बड़ा सवाल बन गया है। 29 दिसंबर की देर रात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अचानक दिल्ली से इंदौर पहुंचे और सीधे वर्मा हॉस्पिटल गए। इसी दौरान यह मामला सामने आया कि भागीरथपुरा के कई लोग पिछले एक सप्ताह से अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं और कुछ की हालत गंभीर है। मंत्री विजयवर्गीय ने उस समय 35 लोगों के भर्ती होने की बात कही, जबकि यह सिलसिला करीब 10 दिन पहले से चल रहा था। वास्तव में डेढ़ सौ से अधिक मरीज अस्पतालों में भर्ती हो चुके थे और कुछ को इलाज के बाद डिस्चार्ज भी किया जा चुका था। इसके बाद 30 दिसंबर की सुबह वर्मा हॉस्पिटल में भर्ती बुजुर्ग नंदलाल पाल (75) की मौत हो गई। उनकी मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। इस मौत को भी दूषित पानी से जोड़ने से लगातार इनकार किया जाता रहा। बाद में जब मौतों का सिलसिला बढ़ता गया, तब भी जिम्मेदार अधिकारियों ने दूषित पानी को मौतों का कारण मानने से इनकार किया।

# प्रभावितों के उपचार के साथ ही भागीरथपुरा क्षेत्र में शुद्ध जल प्रदाय करने पर प्रशासन का फोकस

## कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त सहित अमला सुबह भागीरथपुरा क्षेत्र में पहुंचा

● प्रभावितों के उपचार पर तीन स्तरों पर की जा रही है निगरानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज़)

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नवागत नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने रविवार सुबह से ही नगर निगम अमले के साथ भागीरथपुरा क्षेत्र में पहुँचे। वहाँ उन्होंने भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के नियंत्रण के लिये किये जा रहे उपायों के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की समझाइश भी दी। उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध जल उपलब्ध हो सके, इसको सुनिश्चित करने के लिये प्रशासन विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर लगातार कार्य कर रहा है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध जल मिले, साथ ही बोरिंगों में भी शुद्ध पानी प्राप्त हो, इसके लिये माइक्रो लेवल पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही उसकी निगरानी भी की जा रही है। इस कार्य में नगर निगम,स्वास्थ्य विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न् स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल से प्रभावित हुये नागरिकों के उपचार के लिए प्रशासन तीन स्तर पर कार्य कर रहा है। भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित बीमारियों से प्रभावित व्यक्तियों को अस्पतालों उपचार हेतु भर्ती कराया जा रहा है। प्रशासन वहाँ उनके निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गयी है। प्रभावितों के उपचार में उपयोगी दवाइयाँ,इंजेक्शन आदि निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीवर्मा ने कहा कि प्रशासन के सतत प्रयासों के चलते अब प्रभावितों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है, लेकिन फिर भी प्रशासन पूरी सतर्क है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जलजनित बीमारी से प्रभावितों हुये मरीजों की पूरी तरह से निगरानी की जा रहा है और उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। जो मरीज डिस्चार्ज होकर घर पहुँचे है,उनके स्वास्थ्य की भी जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस कार्य में चिकित्सा विशेषज्ञ एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की टीमें तैनात हैं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि नगर निगम का अमला लगातार क्षेत्र में सर्वे के साथ ही भागीरथपुरा क्षेत्र में रिंग सर्वे में जुटा है। लीकेज भी ढूंढे जा रहे है। कुछ लीकेज ठीक भी किये जा चुके है। साथ ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पानी को क्लोरीनेशन किया जा रहा है, घर घर शुद्ध जल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। पेयजल के लिए क्लोरिनेटेड वॉटर सप्लाई किया जा रहा है। जबकि अन्य उपयोग के लिए जिन बोरवेल के सेंपल लिए गए और उपयोग हेतु ठीक पाये गए,उसका उपयोग अन्य कामों में किया जा सकता है। कलेक्टर श्री वर्मा ने भागीरथपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर नागरिकों से भी आवश्यक चर्चा कर रहे हैं।

# जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

## कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा सभी आवश्यक कार्य अगले 07 दिवस में अभियान चलाकर पूर्ण किए जाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज़)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा आज इंदौर जिले के समस्त नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगरीय निकायों के इंजीनियरों तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्रियों की समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने मुख्यमंत्रीजी के निर्देशों के क्रम में जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समुचित, सुरक्षित एवं निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के समस्त जल स्त्रोतों—जिनमें बोरवेल, हैंडपंप, कुएं, जल टंकियां एवं अन्य पेयजल स्त्रोत शामिल हैं,का नियमित क्लोरीनीकरण किया जाए।



इसके साथ ही सभी जल स्त्रोतों से पेयजल के सैंपलिंग एवं टेस्टिंग की जाए। जल स्त्रोतों के आसपास नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा समस्त पेयजल पाइप लाइनों की मरम्मत एवं समुचित सफाई कराई जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि उपरोक्त सभी कार्य मिशन मोड में 07 दिवस के भीतर पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने हेतु सतत निगरानी एवं आवश्यक कदम उठाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# डैमेज कंट्रोल करने में जुटी भाजपा, विजयवर्गीय दिल्ली से लौटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज़)

इंदौर। भागीरथपुरा मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार की घेराबंदी तेज कर दी है, जिससे सरकार के सामने इस प्रकरण का जल्द निराकरण करने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। दूसरी ओर, भाजपा भी अब डैमेज कंट्रोल की कोशिशों में जुट गई है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को इंदौर प्रवास के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के साथ बंद कमरे में बैठक की। इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाजपा महामंत्री गौरव रणदिवे और निशांत खरे भी उपस्थित थे। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सुबह दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर अपनी ओर से सफाई दी। दिल्ली से उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस मुद्दे को जल्द से जल्द शांत किया जाए ताकि मामला और अधिक तूल न पकड़े। शाम को इंदौर लौटने के बाद मंत्री विजयवर्गीय ने स्थानीय नेताओं के साथ फिर बैठक की। विजयवर्गीय ने दिल्ली दरबार में मामले का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया है। चूंकि इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं और यह घटना उनके प्रभार वाले जिले में हुई है, इसलिए कांग्रेस उन्हें भी निशाने पर ले रही है। कांग्रेस अब तक इंदौर में तीन आंदोलन कर चुकी है और जल्द ही एक बड़े आंदोलन की रणनीति भी तैयार की जा रही है।

## कटाक्ष




# प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियाँ वितरित की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज़)

इंदौर। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के पश्चात प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से क्षेत्र के नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की लगातार समझाइश दी जा रही है। साथ ही रहवासियों के रिंग सर्वे एवं फॉलोअप सर्वे का कार्य भी किया जा रहा है। स्थिति का जायजा लेने के लिये कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हासानी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों से चर्चा कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने को कहा गया है। जिसमें बताया जा रहा है कि प्रभावित क्षेत्र के नागरिक पानी को उबाल कर पीयें। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में घर-घर जाकर ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियाँ वितरित कीं। साथ ही प्रत्येक घरों में पानी को शुद्ध करने हेतु क्लीनवेट की बोतल किट वितरित की गयी। नागरिकों को किट के उपयोग करने की जानकारी भी दी गयी।

● 2354 घरों का सर्वे किया गया, 9416 लोगों की जाँच की गयी तथा 429 पुराने मरीजों का फालोअप किया गया

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.हासानी ने बताया कि कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशन में रविवार को स्वास्थ्य विभाग ने एक मजबूत रणनीति को अपनाते हुए फील्ड में 17 टीम लगाई। इस टीम में जनअभियान परिषद के सदस्य, कम्युनिटी हेल्प ऑफिसर, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,एएनएम,सुपरवाईजर एवं एनजीओ के सदस्य शामिल हैं। यह संयुक्त टीम नागरिकों को जलजनित बीमारी से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जन-जागरूकता फैला रही है।

टीम ने रविवार को भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र के 2354 घरों का सर्वे किया। साथ ही 9416 लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की। इसके अलावा 429 पुराने मरीजों का फालोअप किया गया। कुल 256 मरीजों का डिस्चार्ज किया गया। प्रभावितों के परिवहन हेतु पाँच एम्बुलेंस लगायी गयीं। विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कुल प्रभावितों की संख्या 398 है। क्षेत्र में रिंग सर्वे एवं फॉलोअप सर्वे लगातार चल रहा है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी को पूर्णतया सुरक्षित रखने के लिए क्लोरीवेट ड्रॉप वितरित किए जा रहे हैं। दल के सदस्य मरीज को दवाई का डोज पूरा लेने का आग्रह कर रहे हैं तथा धात्री माताओं को यह समझाइश दी जा रही है कि 06 माह तक के बच्चों को केवल और केवल मां का दूध ही पिलाएं।

भागीरथपुरा क्षेत्र में उल्टी-दस्त से पीड़ित व्यक्ति जो अब स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं, उनसे यह अनुरोध किया गया है कि अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद वह निर्धारित डोज पूरा करें। हल्के और मध्यम लक्षणों से पीड़ित व्यक्तियों से भी अनुरोध किया गया है कि वह भी दवाओं का अपना डोज पूरा करें, बीच में डोज छोड़ने पर संक्रमण पुनः हो सकता है।

### भागीरथपुरा मुद्दा पर कांग्रेस बड़े आंदोलन की तैयारी में

# 11 जनवरी को आ सकते है राहुल गांधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा मुद्दे पर प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई है। कांग्रेस ने दूषित पेयजल के मामले में प्रदेश सरकार की घेराबंदी तेज कर दी है। रविवार को प्रदेश के कई जिलों में कांग्रेस ने प्रदर्शन किए, लेकिन इंदौर में प्रदर्शन नहीं हुए,जबकि शनिवार को पुलिस ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला के निवास पर पहरा लगाया था।**

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस इंदौर में बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। प्रदेशभर से कांग्रेस के कार्यकर्ता इंदौर आएंगे। 11 जनवरी इसकी तारीख तय की गई है। आंदोलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शामिल हो सकते है। इसकी तैयारियां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुरू कर दी है। वे रविवार को इंदौर आए और आंदोलन की रुपरेखा तैयार करने में जुट



गए है। गांधी भवन में उन्होंने इस बारे में एक बैठक भी ली है। इस घटना पर आरएसएस की भी निगरानी है। संघ की एक बैठक शनिवार को हुई थी। अफसरों द्वारा जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को लेकर संघ तक भी शिकायतें पहुंची है। संघ ने भी इस मामले में अपना फीडबैक वरिष्ठ पदाधिकारियों को दिया है। उधर भाजपा संगठन ने इस मामले को अब ज्यादा तूल देने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधियों को मना किया है। शनिवार को जिस तरह से भागीरथपुरा में भाजपाई और कांग्रेसी आमने-सामने हुए। उसे भी संगठन ने गंभीरता से लिया है। शनिवार को प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद इंदौर में थे। उन्होंने मेयर पुष्य मित्र भार्गव, जलकार्य समिति प्रभारी बबलू शर्मा और पार्षद कमल वाघेला को अनावश्यक बयानबाजी करने के लिए मना किया है।

## वार्ड 23 में दूषित पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक दो में आने वाले वार्ड क्रमांक 23 के हालात भी दूषित जल प्रदाय में भागीरथपुरा जैसे ही हैं। यहाँ भी कई कॉलोनियों में सीवरेज का पानी पेयजल में मिल रहा है। उल्टी, दस्त जैसी समस्या आम है। यहाँ के रहवासियों के लिए गर्मी हो या अन्य मौसम, साफ पानी मिलना बड़ी समस्या है। एक दिन छोड़कर जल प्रदाय होता है और वह भी गंदा पानी आता है। इसके लिए दर्जनभर बार जनप्रतिनिधियों और निगम के अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी समस्या हल नहीं हो रही है। यहाँ बोरिंग के पानी और नर्मदा लाइन में भी ड्रेनेज का पानी मिल रहा है, जिसके कारण लोग बीमार पड़ते रहते हैं। सीवरेज का पानी सड़क पर बह रहा है, लेकिन इस समस्या को हल करने वाला कोई नहीं है। इस वार्ड में आने वाली क्लर्क कॉलोनी, श्यामनगर और कुछ प्रमुख कॉलोनियों की स्थिति अपेक्षाकृत ठीक है, लेकिन जैसे ही भीतरी इलाकों में प्रवेश करते हैं, वहाँ की हकीकत सामने आ जाती है। कई गलियों में कचरे के ढेर लगे हैं। दुकानों के सामने अतिक्रमण होने से वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में गलियों में पानी भर जाता है, जिससे रहवासी और दुकानदार दोनों परेशान रहते हैं। वार्ड में वर्षों से ड्रेनेज की गंभीर समस्या बनी हुई है। कुछ क्षेत्रों में पाइपलाइन डाली जा रही है, लेकिन रहवासियों का कहना है कि आए दिन ड्रेनेज चोक हो जाती है, जिसके कारण घरों की बोरिंग से भी गंदा पानी आने लगता है।

## दवा के बाद पानी बना जहर... जीवनदायिनी चीजें बनीं जानलेवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कल्पना कीजिए उन मासूम बच्चों की, जो सर्दी-खांसी की मामूली शिकायत पर मां के हाथों से दी गई कफ सिरप की एक चम्मत चखते ही हमेशा के लिए खामोश हो गए। छिंदवाड़ा के 24 मासूमों की हंसी सिर्फ इसलिए थम गई, क्योंकि 'कोल्ड्रिफ' सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल जैसा घातक जहर मिला था। ये बच्चे, ज्यादातर गरीब और आदिवासी परिवारों के थे, जो जीवन की शुरुआत में ही किडनी फेलियर की क्रूर पीड़ा से जूझते हुए चले गए। बच्चों की माएं आज भी इस दर्द से गुजर रही हैं कि वे अपनी संतान को दवा समझकर जहर पिला रही थीं। वहीं, 'भारत के सबसे स्वच्छ शहर' कहे जाने वाले इंदौर में भी एक भयानक त्रासदी हुई। दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच, दूषित पानी पीने से अब तक 16 से ज्यादा लोग दम तोड़ चुके हैं। इनमें एक छह महीने का शिशु भी शामिल था, जिसकी मां ने 10 साल तक उसके आने का इंतजार किया। उसके लिए व्रत रखे, मन्नतें मांगी। अब उस मां का रो-रोकर बुरा हाल है, जिसने



अपने बच्चे के दूध में वहीं दूषित पानी मिलाकर पिला दिया था। इस घटना में 270 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हुए हैं। कई लोग डायरिया और उल्टी से पीड़ित हैं। वजह यह है कि सबसे स्वच्छ शहर की सीवरेज का गंदा पानी पेयजल पाइपलाइन में मिल गया था। महीनों तक की गई शिकायतों को अनसुना कर दिया गया, जिसके कारण गरीब बस्ती में मौतें हुईं। बात सिर्फ यहीं नहीं रुकी। जब पत्रकारों ने जिम्मेदारों से सवाल किए तो उन्हें 'फोकट' का सवाल बता दिया गया। नगरीय विकास मंत्री, कैलाश विजयवर्गीय, जिनके कई कामों में से एक काम शहर में स्वच्छ पानी पहुंचाने का होता है। उन्होंने 'घंटा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर मौतों का मजाक बना दिया। हालांकि बाद में माफी भी मांगी गई। ये दोनों घटनाएं बताती हैं कि दवा और पानी, जो जीवन देने वाले होने चाहिए, वे मौत का कारण बन गए। छिंदवाड़ा में दवा नियामक की लापरवाही ने बच्चों को निशाना बनाया, जबकि इंदौर में 'स्वच्छता' के बड़े-बड़े दावों के बावजूद इंफ्रास्ट्रक्चर की भारी कमी सामने आई। गरीब इलाकों में लोगों की शिकायतों को नजरअंदाज किया गया, जो हमारे सिस्टम की असमानता को साफ दिखाता है। यह घटनाएं सिर्फ हादसे नहीं हैं, बल्कि ये नीतिगत और प्रशासनिक विफलताएं हैं। भारत में दवा और पानी की आपूर्ति के लिए सख्त नियम हैं, लेकिन उन्हें ठीक से लागू नहीं किया जाता। छिंदवाड़ा जैसी दुखद घटनाएं पहले गाम्बिया और इंडोनेशिया में भी हो चुकी हैं, फिर भी हमने कोई सबक नहीं सीखा। इंदौर में 'वाटर प्लस' सर्टिफिकेशन होने के बावजूद पानी की लाइन में लीकेज का पता नहीं चला। इन त्रासदियों से बचने के लिए हमें कुछ कदम उठाने होंगे। हमें स्वतंत्र ऑडिट करवाना होगा, हर समय निगरानी रखनी होगी और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करनी होगी। जो भी दोषी हैं, उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। मध्य प्रदेश को इन मौतों से सबक लेकर लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सबसे पहले रखना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो 'विकास' और 'स्वच्छ भारत' जैसे नारे सिर्फ खोखले साबित होंगे।

## विजयवर्गीय ने सभी विधायकों व अधिकारियों से की चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी की वजह से 15 लोगों की मौत हो गई। 200 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस मध्य प्रदेश सरकार पर लगातार हमलावर है। इस बीच इंदौर में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बड़ी बैठक बुलाई है। इसमें जिले के सभी विधायकों को बुलाया गया है। कलेक्टर शिवम् वर्मा, निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में इस घटना के विरोध में आंदोलन कर रही है। इसी के चलते अचानक यह बैठक आयोजित की गई है। इंदौर में कुछ कांग्रेस नेता दो नंबर क्षेत्र के विधायक रमेश मेंदोला के घर विरोध प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन वे नाश्ता-पानी कर लौट गए। कांग्रेस नेता मनोहर रघुवंशी ने बताया कि रविवार सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्रीय विधायकों के आवासों का घेराव करने वाले थे। इसी क्रम में वे स्वयं क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला के घर पहुंचे थे। रघुवंशी के अनुसार, बाद में जानकारी मिली कि प्रदर्शन रद्द कर दिया गया है। इसके बाद मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें नाश्ता-पानी कराया। इसके बाद सभी कांग्रेसी वहां से वापस लौट गए।

## भागीरथपुरा का पानी गंदा नहीं था- आकाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बाद अब उनके बेटे आकाश विजयवर्गीय ने भी भागीरथपुरा मामले को लेकर विवादित बयान दिया है। आकाश पूर्व विधायक हैं। भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा करने के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि जो हो गया सो हो गया, भागीरथपुरा का पानी गंदा था ही नहीं। अगर गंदा होता तो लोग इसे पीते ही नहीं। भागीरथपुरा में दूषित पानी की वजह से लगातार हो रही मौतों के बाद आकाश विजयवर्गीय क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे थे। मीडिया ने जब उनसे वक्तव्य देने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि मैं कई दिनों से वक्तव्य नहीं दे रहा, लेकिन आपने ले लिया। पूरे शहर में ड्रेनेज और नर्मदा साथ-साथ चलती है। कभी ड्रेनेज लाइन चौक हो जाती है तो गंदा पानी आता है। भागीरथपुरा में दुर्भाग्य से यह हादसा हो गया है। आकाश विजयवर्गीय के इस वक्तव्य को लेकर इंटरनेट मीडिया पर जमकर चर्चा चल रही है। लोग इसे लापरवाही भरा वक्तव्य बता रहे हैं।

## एक बच्चे की मां को प्रेम जाल में उलझाया, फिर धोखा दिया

**इंदौर। आजाद नगर पुलिस ने एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर दुष्कर्म और धमकी का मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।**

पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय महिला की शिकायत पर कृष्णा पुत्र विजय गुजरे, निवासी लाल बहादुर शास्त्री नगर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता पवनपुरी



क्षेत्र में रहती है और घरेलू काम करती है। आरोपी पहले से पीड़िता के पति का परिचित था, इसी कारण उसका घर आना-जाना था और इस दौरान दोनों की पहचान हुई। पीड़िता ने बताया कि जनवरी 2025 में पति से विवाद के बाद वह घर छोड़कर चला गया था। इसी दौरान कृष्णा का उससे संपर्क बढ़ गया। आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिलाया और इसके बाद कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के मुताबिक जब भी वह शादी की बात करती, आरोपी उसके साथ मारपीट करता और धमकाता था। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर महिला अपने बेटे के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# आधुनिक और प्राचीन ज्ञान-विज्ञान का अनूठा संगम है गीता भवन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती की कर्मभूमि पर शुरू हुए गीता भवन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आम नागरिकों में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक चेतना के माध्यम से सामाजिक समरसता स्थापित करने प्रदेश में 'गीता भवन' बनाये जा रहे हैं। यह केन्द्र मात्र एक भवन की संरचना नहीं, बल्कि एक जीवंत वैचारिक अध्ययन का केन्द्र है। इनमें आधुनिकता और प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के अनूठे संगम में युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।**






मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने प्रदेश के हर नगरीय निकाय में गीता भवन स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, वह तेजी से पूर्ण हो रहा है। यह गर्व का विषय है कि प्रदेश के पहले गीता भवन का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी इन्दौर में और दूसरा गीता भवन वीरांगना रानी दुर्गावती की कर्मभूमि जबलपुर में शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी राष्ट्र, कोई भी संस्कृति अपनी जड़ों से जुड़कर ही पुष्पित-पल्लवित होती है। गीता भवन संस्कृति को सहेजने और संवर्धित करने का बड़ा माध्यम बनेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गीता भवन राज्य की उस बड़ी पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति, गीता-ज्ञान और पठन-संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ना है। गीता भवन एक आधुनिक मंच है, जहाँ अध्ययन, चिंतन, शोध और सांस्कृतिक विमर्श के माध्यम से भारतीय दृष्टि को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जाएगा। ये भवन अध्ययन, चिंतन और संवाद का जीवंत केंद्र बनेंगे।

### गीता भवन में सुविधाएँ

गीता भवन में धार्मिक, पौराणिक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने वाली, साहित्यिक, प्रेरणादायी जीवनियां, और प्रतियोगी परीक्षाओं आदि की विविध पुस्तकें उपलब्ध हैं। यहाँ वातानुकूलित ई-लाइब्रेरी भी स्थापित की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत में पुस्तकें उपलब्ध हैं। पाठकों की सुविधा के लिए रामायण कक्ष, गीता कक्ष और सर्वधर्म पुस्तक कक्ष भी बनाए गए हैं। गीता भवन में अध्ययन के लिए आने वाले लोगों के लिये सभी सुविधाओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रवचनों और शैक्षणिक आयोजनों हेतु खूबसूरत सभागृह भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृष्ण को योगेश्वर श्रीकृष्ण की पहचान देने वाले चारों धामों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा का मैत्री स्थल स्वर्णगिरी पर्वत के पास ग्राम नारायणा, धार जिले का अमझेरा और रजोभूमि बदनावर जहां भगवान श्रीकृष्ण ने रात्रि विश्राम किया था। साथ ही इंदौर के पास जानापाव जहां से उन्होंने विनम्रता का संदेश दिया था। इन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के माध्यम से श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाएंगे। पाथेय के मार्ग में पड़ने वाले जल, वन और उद्यानों का संरक्षण किया जाएगा।

# टोलकर्मियों ने बस यात्रियों को लाठी-डंडों से पीटा

### उज्जैन-झालावाड़ NH-27 पर विवाद, एक युवक गंभीर घायल, महिलाएं डर से चीखती रहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर स्थित पिपलई (निपानिया) टोल प्लाजा पर टोलकर्मियों ने यात्रियों पर लाठी-डंडों से पीटा। घटना शनिवार रात की है। वीडियो रविवार को सामने आया। बस उज्जैन से आगर जा रही थी।**



जानकारी के मुताबिक टोल प्लाजा पर कर्मचारी बीच लेन में अलाव जलाकर बैठे थे। वहां न तो कोई बैरिकेड्स लगाए गए थे और न ही संकेतक। इसी दौरान मालवा बस अनजाने में उसी लेन में प्रवेश कर गई। बस में सवार कुछ युवकों ने जब टोल कर्मचारियों से रास्ता साफ करने को कहा, तो विवाद बढ़ गया।

### बस के अंदर घुसकर लाठियां बरसाईं

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, देखते ही देखते 15-20 टोल कर्मचारी लाठी-डंडे लेकर बस सवार युवकों पर टूट पड़े। इस मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि एक टोल कर्मचारी बस के अंदर तक घुसा और यात्रियों पर लाठी बरसाने लगा। आगे बैठी महिला यात्री दहशत में आकर चीखने लगी। स्थिति बिगड़ती देख ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को आगे बढ़ा दिया।

### टोल कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज

घटिया थाना प्रभारी करण कुआंल ने बताया कि उन्हें निपानिया टोल पर मारपीट की सूचना मिली थी। टोलकर्मियों द्वारा मालवा बस में सवार युवराज (25), निवासी माकड़ोन के साथ मारपीट की गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायल युवक का उपचार कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दो आरोपियों की पहचान कर ली गई है। अन्य टोल कर्मचारियों के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### मुख्यमंत्री रवीन्द्र भवन में आयोजित मीना समाज के सम्मेलन में हुए शामिल

# शिक्षा और उत्कृष्टता को अपना पथ-प्रदर्शक मानता है मीना समाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मीना समाज ने अपनी मेहनत और ईमानदारी से प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज बंधु अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। शिक्षा, सामाजिक उन्नति का सबसे मजबूत आधार है। पिछले वर्षों में लगभग 550 प्रतिभाओं का सम्मान इस बात का प्रमाण है कि मीना समाज, शिक्षा और उत्कृष्टता को अपना पथ-प्रदर्शक मानता है। मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं का विरोध, दहेज मुक्त और सादे विवाहों का समर्थन एवं सामूहिक विवाह सम्मेलनों को प्रोत्साहन देकर समाज ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध मजबूत संदेश दिया है। ऐसे प्रयास समाज को शिक्षित और कुरीतियों से मुक्त करते हुए समाज बंधुओं को प्रगति की राह पर अग्रसर करते हैं। यह प्रयास प्रदेश और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास को भी नई दिशा देते हैं। राज्य सरकार मीना समाज के इन प्रयासों में पूरी तरह साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में आयोजित मीना समाज सम्मेलन और मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मध्यप्रदेश मीना समाज सेवा संगठन की ओर से तीन बड़ी मालाऐं पहनाकर स्वागत अभिनंदन और साफा बांधकर अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के लिए पूर्व मंत्री श्री राम निवास रावत ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पदक विजेता एवं अन्य विधाओं में उपलब्धियां अर्जित करने वाले मीना समाज के 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक गतिविधियों के लिए दान देने तथा अन्य पहल करने वाले मीना समाज के वरिष्ठजन को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थित थीं। ख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मीना समाज पर श्री हरि की अत्यंत कृपा रही है, भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार से जुड़ी मीना समाज की उत्पत्ति जन सामान्य को जल और जीवन का महत्व बताती है।मीना समाज में बहुत प्रतिभाएं हैं, समाज नवरत्नों से परिपूर्ण है और युवा पीढ़ी तो पढ़ाई तथा खेल में अपना लोहा मनवा रही है। समाज के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतें, यही कामना है।

## संपादकीय

# 'अखंड जम्मू-कश्मीर' के समर्थन में एक मजबूत विदेशी आवाज

ब्रिटेन के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत के रुख के प्रति अपने समर्थन को दोहराया है। उन्होंने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग होना चाहिए। ब्लैकमैन ने यह भी याद दिलाया कि अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की उनकी मांग तीन दशक से भी पुरानी है। संवैधानिक क्लब, जयपुर में आयोजित एक हाई-टी कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लैकमैन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पर उनका रुख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में लिए गए फैसले से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें 1990 के दशक की शुरुआत में हुई घटनाओं में हैं। उन्होंने विशेष रूप से कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन का उल्लेख किया और कहा कि उसी दौर में उन्होंने इस मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखी थी। ब्रिटिश सांसद ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 को हटाने की मांग मैंने 1992 में ही की थी, जब कश्मीरी पंडितों को उनके धर्म और पहचान के कारण उनके पैतृक घरों से निकाला गया। उस समय हमने एक बड़ा जनसभा आयोजित कर यह कहा था कि यह गलत है, अन्यायपूर्ण है।' बॉब ब्लैकमैन ने आगे कहा कि उन्होंने हमेशा जम्मू-कश्मीर में होने वाली आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की, साथ ही पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जे की निंदा की है। ब्रिटिश सांसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा, शुरू से ही मेरी राय रही है कि जम्मू-कश्मीर का पूरा इलाका भारत के अधीन हो। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आंतकी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की मौत के बाद भी ब्रिटिश सासंद बॉब ब्लैकमैन ने हमले की निंदा की थी। उन्होंने कहा, फिलहाल भारत में शांति है लेकिन मैने सरकार से आग्रह किया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ी रहे। ब्रिटेन की संसद में पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आतंकियों के खिलाफ का भारत का कदम सही है। मैं पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की मौत से स्तब्ध हूं। हालांकि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए टकराव के बाद विराम के कदम का भी स्वागत किया था।

## सैर सपाटा

# यात्रियों की बल्ले-बल्ले!

### IRCTC लाया 2026 तक के बजट टूर पैकेज

# शिरडी-खजुराहो-शिमला यात्रा का शानदार मौका

घुमक्कड लोग घूमने के लिए प्लान बनाते रहते हैं। अगर आप भी मार्च में कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल सिर्फ आपके लिए है। दरअसल, IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट पर साल 2026 के मार्च तक टूर पैकेज लाइव कर दिए गए हैं। इन टूर पैकेज के जरिए यात्रियों को तमाम सुविधाएं मिलती हैं। अपने बजट के अनुसार आप ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। इस आर्टिकल हम आफको भारतीय रेलवे के इन टूर पैकेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जल्द ही बुक कर सकते हैं ये टूर पैकेज। इस पैकेज में मिलने वाली सुविधाओं को आपको बताने जा रहे हैं।

## शिरडी जाएं



1. आपको बता दें कि, इस पैकेज की शुरुआत शिरडी से शुरु हो रही है।
2. इस पैकेज में आपको शनि शिंगनापुर और शिरडी जाने का मौका मिलेगा।
3. यह पैकेज 1 रात और 2 दिनों का है।
4. बता दें कि, 3 जनवरी से इसकी शुरुआत हो रही है, जिसके बाद आप हर गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार इससे यात्रा कर पाएंगी।
5. इस पैकेज से आपको ट्रेन से यात्रा कराया जाएगा और घूमने के लिए कैब की सुविधा भी मिलेगी।
6. इस पैकेज का नाम SHIRDI WITH SHANI SHINGNAPUR EX MUMBAI है। पैकेज के नाम सर्च करके आपको सारी जानकारी मिल जाएगी।
7. अकेले यात्रा करने का प्लान कर रही हैं, तो इसमें आपको 15599 रुपये देने होंगे।
8. 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर पैकेज फीस 10599 रुपये है।

## खजुराहो टूर पैकेज



1. इस पैकेज की शुरुआत हैदराबाद से हो रही है।
2. पैकेज में आपको ग्वालियर, खुजराहो और ओरछा जाने का मौका मिलेगा।
3. यह पैकेज 5 रात और 6 दिनों का है।
4. इस पैकेज की शुरुआत 20 फरवरी से शुरु हो रही है।
5. पैकेज में आपको फ्लाइट से यात्रा करवाया जाएगा और घूमने के लिए बस की सुविधा मिलेगी।
6. इस पैकेज का नाम MAGNIFICENT MADHYA PRADESH है। पैकेज का नाम सर्च करके आप इसके बारे में पूरी जानकारी पढ़ सकते हैं।
7. पैकेज में सिर्फ अकेले यात्रा करने का प्लान कर रही हैं, तो इसमें आपको 44050 रुपये देने होंगे।
8. 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर पैकेज की फीस 35000 रुपये है।
9. भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से टिकट बुकिंग का तरीका आसान है।

## शिमला टूर पैकेज



1. इस पैकेज की शुरुआत पठानकोट से हो रही है।
2. इस पैकेज के जरिए आपको अमृतसर, चंडीगढ़, धर्मशाला और शिमला जाने का मौका मिलेगा।
3. यह पैकेज 6 रात और 7 दिनों का है।
4. किसी भी दिन इस पैकेज की टिकट बुक कर सकते हैं।
5. इस पैकेज के जरिए आपको कैब से यात्रा कराई जाएगी।
6. अकेले यात्रा करने पर पैकेज फीस 28245 रुपये है।
7. सबसे पहले आप आईआरसीटीसी के टूर पैकेज में मिलने वाली सुविधाएं पढ़ने के बाद ही टिकट को बुक करें।

Uttarpradesh

# एसटीएफ ने एक लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया, लखीमपुर का दहशतगर्द सुल्तानपुर में ढेर

**सुल्तानपुर, (एजेंसी) यूपी के सुल्तानपुर में सोमवार की तड़के एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को मार गिराया। वह लखीमपुर खीरी जिले का रहने वाला एक लाख का इनामी बदमाश था। लंबे समय से पुलिस को इसकी तलाश थी।**

मुठभेड़ लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के दियरा मोड़ के पास हुई। मुठभेड़ उस समय हुई जब एसटीएफ और पुलिस टीम सुल्तानपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सक्रिय थी। जवाबी कार्रवाई



में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसे तत्काल सीएचसी, लंभुआ ले जाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

बदमाश की पहचान तालिब उर्फ आजम खान (26) के रूप में हुई है। यह लखीमपुर खीरी जिले के फरधान थाना क्षेत्र के गौरिया का रहने वाला था। इसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। बताया गया कि इस पर लखीमपुर में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनाम भी घोषित था।

Bihar

## पूरे ग्रुप ने कर दिया दो दोस्तों का मर्डर, एक को दफना दिया तो खेत में फेंक दी दूसरे की लाश



**दरभंगा, (एजेंसी)** बिहार के दरभंगा जिले में दोस्तों द्वारा दोस्तों की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है. नए साल की पार्टी के बाद हुए विवाद में कुछ दोस्तों ने मिलकर अपने ही दो दोस्तों की बेरहमी से हत्या कर दी. एक शव को लावारिस हालत में फेंक दिया गया, जबकि दूसरे शव को मिट्टी के गड्ढे में दबाकर छिपा दिया गया. पुलिस ने मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद दूसरे शव को भी बरामद कर लिया है.

पूरा मामला दरभंगा सदर थाना क्षेत्र का है. कबीरचक गांव के रहने वाले मन्ना महतो और बादल मंडल दो जनवरी से अचानक लापता हो गए थे. परिजनों ने देर रात सदर थाना में दोनों की गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस जांच में जुटी ही थी कि तीन जनवरी की सुबह मन्ना महतो का शव पास के एक गांव के खेत में लावारिस हालत में बरामद हुआ. शव की पहचान होते ही पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी.

पुलिस ने मृतक के दोस्तों से पूछताछ शुरू की, इसी दौरान मन्ना के करीबी दोस्त छोटू पर शक गहराया. कड़ी पूछताछ के बाद छोटू टूट गया और उसने दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने की बात कबूल कर ली. उसकी निशानदेही पर चार जनवरी को मिल्कीचक इलाके से दूसरे मृतक बादल मंडल का शव मिट्टी के नीचे से बरामद किया गया.

New Delhi

## सुबह-सुबह आया भूकंप, असम सहित कई राज्यों में जोरदार झटकों से हिली धरती; कितनी रही तीव्रता?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूर्वोत्तर भारत में असम और नॉर्थ-ईस्ट के दूसरे हिस्सों में सुबह-सुबह भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक सुबह 4:17 बजे आए भूकंप का केंद्र असम के मोरीगांव जिले के पास रिकॉर्ड किया गया है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक मोरीगांव और असम के आस-पास के जिलों सहित सेंट्रल असम के कई हिस्सों में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। इससे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई और सुबह सुबह घने कोहरे के बीच अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि अब तक जानमाल के नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

NCS ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भूकंप का केंद्र सतह से करीब 50 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। गौरतलब है कि असम सहित पूरा पूर्वोत्तर भारत देश के सबसे संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्रों में स्थित है।

Rajasthan

## जालोर में भीषण सड़क हादसा, खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस... 2 की मौत और 20 घायल

**जालोर, (एजेंसी)** राजस्थान के जालोर जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने हो गया. जहां सांचौर से जयपुर जा रही एक निजी ट्रेवल्स की लग्जरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे हादसे में एक महिला और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 20 यात्री घायल हो गए. इनमें से पांच घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है. यह दुर्घटना आहोर थाना क्षेत्र के अगवरी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 325 पर हुई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी ट्रेवल्स की बस सांचौर से जयपुर की ओर जा रही थी. जैसे ही बस अगवरी गांव के पास पहुंची, अचानक सड़क पर आए एक पशु को बचाने के प्रयास में चालक ने बस को मोड़ा, जिससे बस अनियंत्रित



हो गई और सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई. बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग बस के नीचे दब गए. हादसे की सूचना मिलते ही आहोर थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा. जिसके बाद पुलिस ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया. बस के नीचे दबे यात्रियों को निकालने के लिए जेसीबी और क्रेन की सहायता ली गई.

खेल

### पहले दिन का खेल बारिश के कारण जल्द समाप्त

# रूट-ब्रूक ने इंग्लैंड को संभाला स्कोर 200 के पार

**सिडनी, (एजेंसी) ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच सिडनी में खेला जा रहा पांचवें एशेज टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल बारिश के कारण जल्द समाप्त करना पड़ा। इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में तीन विकेट पर 211 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय हैरी ब्रूक 78 और जो रूट 72 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए फिलहाल मिचेल स्टार्क, माइकल नेसर और स्कॉट बोलैंड को एक-एक विकेट मिले हैं।**




इससे पहले, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। दोनों टीमों ने अपनी प्लेइंग-11 में एक-एक बदलाव किए। इंग्लैंड ने इस मैच के लिए गस एटकिंसन की जगह मैथ्यू पॉट्स को एकादश में शामिल किया। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम में झाई रिचर्डसन की जगह ब्यू वेबस्टर को मौका मिला है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 57 रन के स्कोर पर ही तीन विकेट गंवा दिए। मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड टीम को पहला झटका दिया। स्टार्क ने बेन डकेट को एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया जो 24 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद माइकल नेसर ने जैक क्राउली को एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। क्राउली 29 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल को अपना निशाना बनाया और कैरी के हाथों कैच कराकर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। बेथेल 10 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## बड़े पर्दे पर दोबारा 'नायक' बनेंगे अनिल कपूर, प्रोड्यूसर ने कंफर्म किया सीक्वल, बोले- जब समय आता है...



बॉलीवुड के 'एवरग्रीन' एक्टर अनिल कपूर ने यूं तो अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं. लेकिन उनकी एक ऐसी फिल्म जिसे सबसे ज्यादा याद किया जाता है, वो है 'नायक'. साल 2001 में आई ये फिल्म कई लोगों को पसंद आई थी. इसकी कहानी ने आम जनता के दिल को इस तरह छुआ था कि ये फिल्म बाद में जाकर कल्ट साबित हुई. 'नायक' फिल्म को तमिल डायरेक्टर शंकर ने बनाया था. ये उन्हीं की 1999 में आई तमिल फिल्म 'मुधलवन' का ऑफिशियल रीमेक थी. जिसमें रानी मुखर्जी, परेश रावल, अमरीश पुरी, जॉनी लीवर और सौरभ शुक्ला जैसे जाने-माने एक्टर्स शामिल थे. 'नायक' तब बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक ही चली थी. लेकिन अब इस फिल्म का 25 सालों बाद सीक्वल अनाउंस हुआ है. प्रोड्यूसर दीपक मुकुट, जिन्होंने 'सनम तेरी कसम' जैसी हिट रोमांटिक फिल्म बनाई है, उन्होंने 'नायक 2' को कंफर्म किया है. उनके पास फिल्म के कॉपीराइट्स हैं. उनका खुलासा है कि वो इस फिल्म को अनिल कपूर के साथ मिलकर प्रोड्यूस करने वाले हैं, जो इसमें एक्टिंग भी करते नजर आएंगे. HT को दिए इंटरव्यू में दीपक मुकुट ने कहा, 'अनिल कपूर और मैं मिलकर ये फिल्म बना रहे हैं.

## Highlights

1. Nepal's interim PM's husband to be flown to Delhi for treatment
2. WB CM Mamata writes to CEC Gyanesh Kumar to rectify or halt SIR
3. India beat China to become world's largest rice producer in 2025: Shivraj Singh Chouhan
4. World's largest Shivling reaches Bihar; to be installed on Jan 17
5. U'khand considering banning entry of non-Hindus in Haridwar: Report

# 'Modi knew I wasn't happy': Trump hints rise in tariffs on India over Russia oil



**NEW DEIHI, (Agency).** US President Donald Trump reportedly said on Monday that the country could increase its existing tariffs on Indian imports if New Delhi didn't help with the "Russian oil issue". Trump also mentioned Prime Minister Narendra Modi during the address, saying he was a "good guy" who knew the US President was not happy.

"India wanted to make me happy. Modi is a very good guy and he knew I was not happy. And it was important to make me happy. We can raise tariffs on them very quickly," Trump was heard saying in an audio as he addressed reporters.

Trump was referring to India's oil trade with Russia, something that his administration has long opposed, and which was cited as a reason for doubling the tariffs on India to 50% back in August 2025. "We could raise tariffs on India if they don't help on Russian oil issue," the President was quoted as saying by Reuters.

The President made the remarks during a briefing outlining the United States' next steps after the capture of Venezuelan leader Nicolas Maduro. Oil was also a central factor in the latest strikes on the South American nation.

Trump's latest tariff hike warning comes amid ongoing trade negotiations between India and the US.

Trump's latest remarks come months after he claimed that Prime Minister Narendra Modi had "assured" him that India would stop the purchase of Russian oil. "There will be no oil. He's not buying oil," he said back in October, weeks after the 50% tariffs on Indian imports took effect.

However, India had denied Trump's assertion saying no such conversation took place between him and PM Modi.

Even as the Trump administration continues its pushback against the Russian oil issue, India has always maintained that its policies are governed by offers in markets and needs of the Indian consumer.

# Stabbed, robbed, then set on fire: Inside Bangladeshi Hindu man Khokon Chandra Das's murder




**NEW DEIHI, (Agency).** Shocking details have emerged as probe intensifies in the case of a Bangladeshi Hindu man who died days after being attacked in the country's Shariatpur town. Identified as 50-year-old Khokon Chandra Das, the businessman was set ablaze while on his way home from work from a pharmacy at Keurbhanga Bazar last week.

New details have emerged in the case with the arrest of three suspects. Das was assaulted using locally-made weapons, robbed of his mobile phone and some cash and then set on fire, a Daily Star report said, citing a Rapid Action Battalion (Rab) official.

Petrol was poured on the Hindu man and he was set on fire after being stabbed many times, the publication further said.

How Hindu man tried to save himself

Khokon Chandra Das was attacked on New Year's eve, December 31, at around 9:30 pm, Bangladeshi outlet Prothom Alo earlier reported. After the assault and being set on fire, Khokon Das reportedly tried to save his life by jumping into water. The man was rescued by locals and rushed for treatment.

The man's condition worsened while undergoing treatment at the National Burn and Plastic Surgery Institute in Dhaka, and he died over the weekend.

# दस दिन में बिक गई थी उल्टी-दस्त की छह महीने की दवाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में न केवल नगर निगम, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की भी गंभीर लापरवाही सामने आई है। इस बस्ती में 22 दिसंबर से ही मरीज सामने आने लगे थे। यहाँ रहने वाले ज्यादातर परिवार गरीब हैं।**

बीमार होने पर वे सरकारी डिस्पेंसरी भी जा रहे थे, लेकिन फील्ड टीम ने मुख्य स्वास्थ्य कार्यालय तक इसकी जानकारी नहीं पहुँचाई, जबकि बस्ती में आशा और ऊषा कार्यकर्ता तैनात हैं। बस्ती की केमिस्ट शॉप्स पर लगातार उल्टी-दस्त के मरीज दवाएँ लेने आ रहे थे और क्लिनिकों में भारी भीड़ लग रही थी, फिर भी विभाग मामले की गंभीरता को नहीं समझ सका। जब 28 दिसंबर को 18 मरीज दो निजी अस्पतालों में भर्ती हुए और उन्हें देखने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुँचे, तब इस बात का खुलासा हुआ कि बस्ती के लोग डायरिया और हैजे के शिकार हुए हैं। 29 दिसंबर को जब पहली मौत हुई, तो स्वास्थ्य विभाग उसे 'दिल का दौरा' बताता रहा, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि मौत की वजह डायरिया ही थी। भागीरथपुरा में क्लिनिक संचालित करने वाले डॉ. विनोद पांडे ने बताया कि पिछले दस दिनों से मरीज आने लगे थे। वे उल्टी और दस्त की शिकायत लेकर आ रहे थे। यह बीमारी आमतौर पर दूषित पानी के सेवन से होती है। 25 दिसंबर के बाद तो मरीजों की संख्या प्रतिदिन 50 से ज्यादा होने लगी थी।

बस्ती में केमिस्ट शॉप चलाने वाले आदर्श सिकरवार का कहना है कि आमतौर पर उल्टी-दस्त की जितनी गोलियाँ छह महीने में बिकती हैं, वे पिछले दस दिनों में ही बिक गईं। लोग लगातार पर्चियाँ लेकर आ रहे थे। जिन लोगों को जल्दी आराम नहीं मिला, वे अस्पतालों में भर्ती हुए। उन्होंने बताया कि गोलियों की इतनी भारी माँग देखकर वे भी हैरान थे। हालांकि, पिछले एक-दो दिनों से दवा लेने आने वाले मरीजों की संख्या कम हुई है, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ने अब बस्ती में ही दवाएँ मुहैया कराना शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि अभी भी रोज नए मरीज सामने आ रहे हैं। अब तक दो मरीजों में हैजे की पुष्टि हो चुकी है और बस्ती में लगभग 354 मरीज डायरिया व अन्य बीमारियों से ग्रस्त हैं।

# ऑटो रिक्शा से चोरी कर ले गया कार...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के तुकोगंज इलाके में 2 दिन पहले कार चोरी की वारदात हो गई। मामले में पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाले। जिसमें आरोपी ऑटो रिक्शा से कार को चुराकर ले जाते नजर आया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।टीआई जितेंद्र यादव की टीम ने अमन पिता अमीन निवासी मोती तबेला को पकड़ा है। आरोपी के पास से चुराई गई कार और एक पैसेंजर ऑटो रिक्शा जब्त किया है। आरोपी ने कार राजकुमार ब्रिज के नीचे वल्लभ नगर से चुराई थी। मामले में पीड़ित ने 2 जनवरी को मामले में पुलिस को शिकायत की थी। हालांकि, आरोपी के ऑटो नंबर से जब उसे पकड़ा गया तो उसने चोरी करना कबूल किया है।

# महिला से सहायता समूह का फंड लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े झपटमारी की वारदात सामने आई। इलाके में ही रहने वाले एक बदमाश ने एक महिला के हाथ से रुपयों से भरी थैली छीन ली, जिसमें एक लाख रुपए से अधिक नकद थे। पुलिस ने पहचान के आधार पर देर रात आरोपी को हिरासत में ले लिया है और लूटे गए रुपए की बरामदगी की जा रही है। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक पीड़िता नारायण खड़ताल (50) निवासी लाल बहादुर शास्त्री नगर एक सहायता समूह का फंड संचालित करती हैं। शनिवार को उन्होंने समूह की महिलाओं से फंड की रकम इकट्ठा की थी। उसी दौरान वे हाथ में रुपयों से भरी थैली लेकर खड़ी थीं। इसी बीच गोटू निवासी घनश्यामदास नगर वहां पहुंचा और महिला के हाथ से थैली झपटकर सकरी गलियों के रास्ते फरार हो गया। मौके पर मौजूद शीला सहित अन्य महिलाएं, जो फंड जमा करने पहुंची थीं, अचानक हुई घटना से घबरा गईं। इसके बाद सभी महिलाएं थाने पहुंचीं और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी को पहले से जानकारी थी कि यहां महिलाएं नियमित रूप से फंड जमा करती हैं। उसने पहले रैकी की और फिर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल आरोपी पुलिस हिरासत में है। उससे लूट की रकम और उसके अन्य साथियों को लेकर पूछताछ जारी है।

# बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूडिया इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दोनों ही मानसिक और शारीरिक परेशानियों से जूझ रहे थे।**

पुलिस के अनुसार, रविदास नगर निवासी रामगोपाल खडेलवाल (56) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



घटना की जानकारी उनके बेटे शिवम को तब हुई जब वह ड्यूटी से घर लौटे। रात में शव को अस्पताल ले जाया गया। परिवार ने बताया कि रामगोपाल पिछले तीन साल से गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। पहले उन्हें फेफड़ों की समस्या थी, उसके उपचार के बाद किडनी और आंखों की समस्या भी उभरी। लगातार बीमारियों और स्वास्थ्य संबंधी तनाव के कारण वह मानसिक रूप से भी परेशान रहने लगे थे। रामगोपाल के परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। उनकी पत्नी निजी अस्पताल में मेड का काम करती हैं। इसी लसूडिया इलाके में दूसरी घटना में, निजी स्कूल परिसर में ड्राइवर मनोज (56), पुत्र मधुकर, ने जहर खा लिया। उन्हें उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी मृत्यु हो गई। मनोज स्कूल की गाड़ी चलाते थे और परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा है। बताया गया है कि वह भी लंबे समय से तनाव में थे। पुलिस ने कहा कि दोनों घटनाओं की जांच की जा रही है।

# महिला वकील के घर चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाडिया में एक महिला वकील के यहां पर चोरी की वारदात हो गई। पुलिस के मुताबिक नीर नगर में रहने वाली महिला वकील ने बताया कि वह पेशे से वकील है। 27 दिसंबर को घर से सभी जयपुर के लिए निकले थे। 3 जनवरी को घर पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा था। बेडरूम के ताले टूटे मिले। इसके बाद अंदर से अलमारी में रखे सोने के कान के बाले, चांदी की पायल, चांदी की बिछिया, चांदी की बेले, सिक्के और करीब 40 हजार रुपए गायब थे। बाद में डायल 112 को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले में आरोपी पर FIR की है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक